प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 22.05.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 51 हजार से अधिक युवाओं को वितरित करेंगे नियुक्ति पत्र : राजधानी लखनऊ सहित देशभर के 47 स्थानों पर होगा रोजगार मेले का आयोजन।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देवरिया में 655 करोड़ रुपए की लागत से 19 परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास। कहा– डबल इंजन सरकार ने उत्तर प्रदेश को विकास, सुरक्षा और विरासत के नए मॉडल में बदला।
3. जनगणना 2027 के पहले चरण के तहत आज से प्रदेश भर में मकानों की गणना शुरु : पहले दिन 1 करोड़ 35 लाख से अधिक मकानों की हुई गिनती। और
4. प्रदेश भर में भोषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी : प्रयागराज में आज दोपहर 46 ड़िग्री सेल्सियस रहा पारा, अगले चार दिनों तक प्रदेश में लू की चेतावनी, कई इलाकों में चलेंगी तेज धूल भरी हवाएं

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 19वें रोजगार मेले में विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में 51 हजार से अधिक नव

नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। वे आयोजन को संबोधित भी करेंगे। एक रिपोर्ट.....

*19वें रोजगार मेले का आयोजन प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित देश भर के 47 स्थानों पर किया जाएगा। लखनऊ में केंद्रीय राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह कार्यक्रम में शामिल होंगे। देश के सभी हिस्सों से चयनित नव नियुक्त उम्मीदवार रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग सहित केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में कार्यभार ग्रहण करेंगे। रोजगार मेला आरंभ किए जाने के बाद से देश भर में अब तक आयोजित 18 रोजगार मेलों के माध्यम से लगभग 12 लाख नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं। सुशील चन्द्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज देवरिया में 655 करोड़ रुपए की लागत स 19 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और उत्तर प्रदेश ने विकास की नई गति पकड़ी है और अब विकास की यह यात्रा रुकने वाली नहीं है। श्री योगी ने कहा कि अच्छी सड़कें, फ्लाई ओवर, पुल और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर ही रोजगार व निवेश की नींव होते हैं। आज पूरे देश में उत्तर प्रदेश का नाम सम्मान व गर्व के साथ लिया जाता है। यूपी विरासत और विकास, दोनों का संगम बन चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद नए भारत का निर्माण हुआ है। बाइट.....

*2014 के बाद आज जिस नए भारत का हम सब दर्शन कर रहे हैं इसके पीछे प्रधानमंत्री मोदी जी का नेतृत्व और उनका वो विजन है जो विकास को प्राथमिकता देता है। और प्रधानमंत्री जी के उसी विजन को ध्यान में रखते हुए हम लोगों ने इस बात को हमेशा प्राथमिकता दी है कि गति जितनी तेज होगी विकास का लाभ उतनी तेजी के साथ आम जन को प्राप्त होगा।*

इस अवसर पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, राज्य मंत्री ग्राम्य विकास विजय लक्ष्मी गौतम, सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में यमुना एक्सप्रेस–वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत 17 निवेशकों का औद्योगिक आवंटन पत्र प्रदान किया। इस पहल से प्रदेश में नए निवेश, रोजगार और औद्योगिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने निवेशकों के साथ संवाद कर उन्हें प्रदेश में उपलब्ध औद्योगिक संभावनाओं और सरकार की योजनाओं से भी अवगत कराया। इस कार्यक्रम में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता भी उपस्थित रहे।

———————

जनगणना 2027 के पहले चरण के अन्तर्गत आज से प्रदेश में मकानों की गणना और सूचीकरण का कार्य शुरु हो गया है। आज से राज्य के 3 लाख 89 हजार 312 मकान सूचीकरण ब्लॉक में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों द्वारा सर्वेक्षण कार्य शुरू किया गया। इस दौरान लखनऊ में

मुख्यमंत्री आवास और आगरा में ताजमहल परिसर की भी गणना की गई। आज एक करोड़ 35 लाख से अधिक घरों पर जनगणना मकान संख्या अंकित की गई। इससे पूर्व 7 से 21 मई तक स्व–गणना का कार्य किया गया। मऊ के जिलाधिकारी आनंद वर्धन ने जनगणना कार्य को समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्ता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं। अमरोहा म जनगणना में सम्पूर्ण जिले को कुल 3 हजार 682 गणना ब्लॉक में विभाजित किया गया है। अमरोहा के जिलाधिकारी डॉ0 नितिन गौड़ ने बताया कि प्रगणक घर–घर जाकर जनगणना संबंधी आंकड़ों को इकट्ठा कर रहे है। बाइट.....

*हमारे 3,680 एएलबी हैं और हर किसी को अराउंड 150 एवरेज यानि की अराउंड 600 तो 800 की पॉपुलेशन हर किसी एन्यूमरेटर को करना है और ये काम जैसे वो अपने स्कूल की ड्यूटी करते हैं उसके बाद के 1 घंटे में करना है। और जो ये कैलकुलेशन हुई है इसकी साइंटिफिक टूल्स के हिसाब से उसके हिसाब से एक परिवार के कराने में लगभग 10 मिनट लग रहे हैं। तो अगर एन्यूमरेटर डेली 1 से 1.5 घंटा भी देंगे तो अपने वो दैनिक लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।*

———————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

सर्वोच्च न्यायालय पहली जुलाई से कक्षा 9 के छात्रों के लिए तीन भाषाओं का अध्ययन अनिवार्य करने के सी.बी.एस.ई. के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई करेगा। वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली और न्यायमूर्ति जॉय माल्य बागची और विपुल एम पंचोली की पीठ के समक्ष यह मामला उठाया। उन्होंने कहा कि यह जनहित याचिका छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों द्वारा दायर की गई है।

————————

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड– सी.बी.एस.ई ने कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिका की स्कैन कॉपी प्राप्त करने की अंतिम तिथि एक दिन बढ़ाकर 24 मई कर दी है। सी.बी.एस.ई ने यह निर्णय वेबसाइट पर अत्यधिक आवेदन और तकनीकी व्यवधान के बाद लिया है, जिससे वेबसाइट बाधित हो रही थी। बोर्ड ने बताया कि विद्यार्थियों को उत्तर पुस्तिका की स्कैन कॉपी मिलने के बाद, पुनर्मूल्यांकन का आवेदन करने के लिए दो दिन का समय मिलेगा।

————————

इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ बेंच के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान ने आज लखनऊ के जिला न्यायाधीश मलखान सिंह के नेतृत्व में एक साइकिल जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अभियान का उद्देश्य बढ़ती ईंधन खपत के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना था।

———————

केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल और स्वच्छता विभाग की ओर से जारी स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 की रिपोर्ट में वाराणसी को सेंट्रल जोन का सर्वश्रेष्ठ जिला घोषित किया गया है। वहीं, उत्तर प्रदेश राज्यों की श्रेणी में पहले स्थान पर रहा। वाराणसी के मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत यह सर्वेक्षण देश के गांवों में स्वच्छता की वास्तविक स्थिति जानने के लिए कराया गया था। बाइट....

*ये जो स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण होता है ये मुख्यतः इसके 4 पिलर्स हैं। पहला पिल्लर जिसमें थर्ड पार्टी एजेंसी द्वारा गांव का सर्वे किया जाता है। इसके अलावा जो सेवा स्तरीय प्रगति होती है उसकी भी निगरानी इस सर्वेक्षण में होती है। तीसरा जो हमारे नागरिक हैं उनका जो फीडबैक है। सिटीजन फीडबैक के भी इसमें 100 अंक होते हैं और इसके अलावा जो विभिन्न तरह के संयंत्र हमारे जनपद में लगे हुए हैं जैसे कि तीन प्लास्टिक वास्ते मैनेजमेंट यूनिट है, बायोगैस प्लांट है, एफएसटीपी है, फेक स्लज ट्रीटमेंट प्लांट इन सबके जो कार्यक्षमता है उसका भी आकलन इस सर्वे में किया जाता है।*

———————————

उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेलमंडल में वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक महेश यादव ने आज बताया कि पूर्वोत्तर रेलवे के गोरखपुर कैंट–पनियहवा रेलखंड में उन्नावला–पिपराइच स्टेशन के बीच रेललाइन दोहरीकरण कार्य के चलते मुरादाबाद मंडल में 18 ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। रेलवे प्रशासन ने 28 मई से 8 जून तक विभिन्न तिथियों में ट्रेनों को निरस्त और परिवर्तित मार्ग से चलाने का फैसला लिया है।

———————————

प्रदेश भर में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। प्रयागराज में आज दोपहर तापमान 46 ड़िग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि आगरा में पारा 45 डिग्री रहा। राजधानी लखनऊ सहित कई शहरों में तापमान 42 डिग्री के पास रहा। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों के लिए प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी दोनो हिस्सों में दिन में लू चलने की चेतावनी जारी की है। लखनऊ मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि इस दौरान कई इलाकों में तेज धूल भरी हवाएं चलने की आशंका है। बाइट.....

*प्रदेश में आगामी एक सप्ताह के दौरान कुछ स्थानों पर उष्ण लहर से भीषण उष्णलहर के साथ कहीं–कहीं उष्ण राह से होने की संभावना के दृष्टिगत आगामी 3 दिनों के लिए 24 मई तक प्रदेश के दक्षिणी भागों के लिए रेड अलर्ट जबकि उसके बाद के 4 दिनों में 26 मई तक के लिए ऑरेंज*

*वार्निंग जारी की गई है भीषण लू और उष्ण रात्रि के लिए और लोगों से दी गई सलाह के अनुसार सावधानी बरतने की अपेक्षा की जाती है।*

(समाप्त)